कॉलेज में इतिहास पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

साढ़ौरा, 5 मार्च (पंकेस) : डी.ए.वी. कॉलेज साढौरा में कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डीएवी कॉलेज अम्बाला के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. चांद सिंह ने इतिहास के तथ्यों व उनकी गलत व्याख्या की मौजूदा धारणा पर विस्तार से अपने विचार रखे।

इस व्याख्यान के बारे में जानकारी देते हुए कालेज के इतिहास विभाग के अध्यक्ष डा. गुरमेज सिंह ने बताया कि व्याख्यान का आयोजन इतिहास विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान श्रृखंला के अंतर्गत किया गया। डा. चांद सिंह ने कहा कि फिल्मों व धारावाहिकों में इतिहास के तथ्यों को आर्थिक लाभ के लिए तोड़ मरोड़ कर दिखाया जाता है जो एक गंभीर समस्या है। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. तेजबीर सिंह ने कहा कि इतिहास के तथ्यों से छेड़छाड़ के प्रति विद्यार्थीयों को सचेत रहने की अवश्यता है।

उन्होंने इस पर इतिहास विभाग को आयोजन करने के लिए बधाई दी व इस प्रकार और कार्यक्रम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डा. एस.के. दुबे, डा. छत्रपाल, डा. राजेंद्र सिंह, प्रोफेसर रितु व सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।